# 9. बाँध

❑ सही कथन का चयन कीजिए-
1. चम्बल परियोजना मध्य प्रदेश तथा राजस्थान का संयुक्त उद्यम है। 2. गाँधी सागर बाँध का निर्माण प्रथम चरण में हुआ। 3. जवाहर सागर बाँध का निर्माण द्वितीय चरण में हुआ। [Asst. Professor- 7.1.2024]
(1) 1 तथा 2 सही है। (2) 2 तथा 3 सही है।
(3) 1 तथा 3 सही है। (4) 1, 2 तथा 3 सही है।
**Ans.** (1)

*व्याख्या* -चम्बल नदी पर चार बाँधों का निर्माण किया गया है-• गाँधीसागर बाँध ( जिला मन्दसौर, मध्यप्रदेश, रामपुरा भानूपुरा पठारों के बीच ) तथा
• कोटा बैराज बाँध कोटा (प्रथम चरण में निर्मित, सर्वाधिक केचमेन्ट एरिया, सर्वाधिक प्रदूषित ) में है।
• राणाप्रताप सागर बाँध ( राजस्थान का एकमात्र आइकोनिक बाँध, सर्वाधिक भराव क्षमता ( 113वर्गकिमी. ) वाला बाँध ) चित्तौड़गढ़ ( द्वितीय चरण )
• जवाहर सागर बाँध, कोटा ( तृतीय चरण में )।

❑ गाँधी सागर और राणा प्रताप सागर बाँध निम्न में से किस नदी पर अवस्थित हैं?[पशु परिचर-1.12.2024 (II)]
[P.S.I. -2011][Lab Assistent (Home Sci.) -30.06.2022]
[ Police Constable Exam-2007(III) ]
[कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (अस्त्रक्षेप) 21.9.2019]
(1) माही (2) चम्बल (3) बनास (4) साबरमती
**Ans.** (2)*व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ जवाहर सागर बाँध राजस्थान में किस नदी पर बनाया गया है-[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-14.06.2024 (I)]
[CET-G (S-I) - 28.09.2024]
(1) ताप्ती नदी (2) चंबल रिवर
(3) नर्मदा (4) सोन नदी
**Ans.** (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राजस्थान के निम्न बाँधों में से कौनसा बाँध चम्बल नदी पर नहीं हैं? [CET (10+2) : 24.10.2024 (S-I)]
(1) गाँधी सागर बाँध (2) राणा प्रताप सागर बाँध
(3) कोटा बैराज (4) रामगढ़ बाँध
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ चम्बल नदी पर गाँधी सागर बाँध स्थित है? [E.O. Exam. 2007]
(1) कोटा (2) चित्तौड़गढ़ (3) बूँदी (4) इनमें से नहीं
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ चम्बल नदी पर निर्मित कौनसा बाँध राजस्थान राज्य में स्थित नहीं है? [JEN (Diploma) - 21.08.2016]
(1) गाँधी सागर (2) राणा प्रताप सागर
(3) जवाहर सागर (4) कोटा बैराज
**Ans.** (1) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ चम्बल घाटी परियोजना पर निम्न में से मध्यप्रदेश में स्थित बाँध है- [JEN (विद्युत) डिग्री-29.11.2020]
(1) जवाहरसागर (2) कोटा बैराज
(3) गाँधीसागर (4) राणाप्रताप
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ राणा प्रताप सागर बाँध किस जिले में स्थित है- [वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]
(1) राजसमंद (2) कोटा (3) चित्तौड़गढ़ (4) टोंक
**Ans.** (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ किस स्थल पर चम्बल नदी सर्वाधिक प्रदूषित हुई है- [JEN Degree (TSP) Exam - 16.10.2016]
(1) गाँधी सागर बाँध (2) राणा प्रताप सागर बाँध
(3) जवाहर सागर बाँध (4) कोटा बैराज
**Ans.** (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ मुहाने से उद्गम की ओर चम्बल नदी पर स्थित बाँधों का सही क्रम है- [RPSC LDC 11 Jan 2014]
(1) गाँधी सागर - राणा प्रताप सागर - जवाहर सागर
(2) जवाहर सागर - राणा प्रताप सागर - गाँधी सागर
(3) गाँधी सागर - जवाहर सागर - राणा प्रताप सागर
(4) राणा प्रताप सागर - गाँधी सागर - जवाहर सागर
**Ans.** (2)

*व्याख्या - चम्बल नदी का मुहाने से उद्गम की ओर बाँधों का क्रम क्रमशः कोटा बैराज, जवाहर सागर ( कोटा बाँध ), राणा प्रताप सागर, गाँधी सागर ( म.प्र. ) है।*

❑ चम्बल नदी पर निर्मित बाँधों को नदी-प्रवाह की दिशा में सही क्रम में पहचानिए [JEN De. - 16.10.2016]
(1) राणा प्रताप-गाँधी सागर-जवाहर सागर-कोटा बैराज
(2) राणा प्रताप-जवाहर सागर-गाँधी सागर, कोटा बैराज
(3) गाँधीसागर-राणाप्रताप सागर-जवाहरसागर-कोटा बैराज
(4) राणा प्रताप सागर-गाँधी सागर-कोटा बैराज-जवाहर सागर
**Ans.** (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ चूलिया जल प्रपात के नीचे की ओर राजस्थान में कौनसा बांध बना है? [आर्थिक अन्वेषक -25.3.2018]
[JEN (यांत्रिकी/विद्युत) डिग्री -26.12.2020]

(1) जवाहर सागर बांध (2) गाँधी सागर बाँध
(3) राणा प्रताप सागर बाँध (4) नांगल बाँध

Ans. (3)

> व्याख्या - चूलिया जल प्रपात के नीचे की ओर चित्तौड़गढ़ में राणा प्रताप सागर बाँध बना हुआ है।

❑ मेजा बाँध कहाँ है? [Police Constable Exam- 2013]
[प्रवक्ता (तकनीकी शिक्षा विभाग) -12.03.2021]
[पशु परिचर-2.12.2024 (S-II)]

(1) भीलवाड़ा (2) बाँसवाड़ा (3) अजमेर (4) उदयपुर

Ans. (1)

> व्याख्या - कोठारी नदी पर 1972 में निर्मित यह बाँध भीलवाड़ा में स्थित है। मेजा बाँध की पाल पर मेजा पार्क भी विकसित किया गया है।

❑ मेजा बाँध कौनसी नदी पर निर्मित किया गया?
[कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) सीधी भर्ती परीक्षा- 26.03.2019]
[पशु परिचर-1.12.2024 (S-I)][Lab Assistent (Science) -28.06.2022]
[CHO - 3.3.2024] [III Grade (L-I) -25.2.2023]
[II Grade GK - 21.12.2022] [वनरक्षक-11.12.2022(S-II)]
[CET (10+2) : 23.10.2024 (S-II)]

(1)बनास नदी(2)कोठारी नदी(3)पार्वती नदी(4)मेज नदी

Ans. (2) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ बनास नदी पर कौन-सा बाँध है? [Constable- 2013]

(1) रामगढ़ (2) मेजा (3) बीसलपुर (4) जवाई बाँध

Ans. (3)

> व्याख्या -राजमहल (देवली, टोंक) में (बनास, खारी, डाई त्रिवेणी संगम पर स्थित है) बीसलपुर बाँध राजस्थान का एकमात्र कंक्रीट से बना बाँध (निर्माण 1987-1999) है। राजस्थान की यह सबसे बड़ी पेयजल परियोजना है।

❑ बीसलपुर बाँध का निर्माण किस वर्ष में पूर्ण हुआ?
[CET : 08.01.2023 (S-I)]

(1) 1989 (2) 1992 (3) 1996 (4) 1999

Ans. (4) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ माधोसागर बाँध स्थित है, [R.A.S. (cancelled) 1999]

(1) दौसा (2) जयपुर (3) अलवर (4) भरतपुर

Ans. (1)

> व्याख्या - माधोसागर बाँध दौसा जिले में स्थित है। कालाखोह सागर दौसा जिले का सबसे बड़ा बाँध है।

❑ पाँचना बाँध कहाँ स्थित है? [P. C. Exam-2007(III)]
[Police Constable Exam- 2013][जल प्रहरी-21.10.2018, S-III]
[पशु परिचर-3.12.2024 (S-II)]

(1) दौसा (2) सवाई माधोपुर (3) करौली (4) अलवर

Ans. (3)

> व्याख्या - करौली के समीप पाँच छोटी-छोटी नदियों (भद्रावती, माची, अटा, बरखेड़ा तथा भैंसावट) के संगम पर निर्मित मिट्टी का बाँध।

❑ 'तख्त सागर' नामक जलाशय राजस्थान के किस जिले में स्थित है? [कर सहायक - 14.10.2018]

(1) जोधपुर (2) जयपुर (3) जालौर (4) झुन्झुनूं

Ans. (1)

> व्याख्या : पिचियाक बाँध या जसवंत सागर, तख्त सागर, फतेहसागर, रानीसर, पदमसर बाँध जोधपुर जिले में स्थित हैं।

❑ राजस्थान के किस जिले में 'जवाई बाँध' स्थित है?
[III Gr.Teacher-2004,पटवार-2011]
[वनपाल-06.11.2022(S-I)]
[कनिष्ठ अनुदेशक -4.1.2025][पशु परिचर-1.12.2024 (S-II)]

(1) जयपुर (2) पाली (3) जोधपुर (4) कोटा

Ans. (2)

> व्याख्या - पाली जिले में स्थित प. राजस्थान का सबसे बड़ा बाँध। इसकी नींव 13 मई, 1946 को जोधपुर के महाराजा उम्मेदसिंह द्वारा रखी गयी। रियासत काल में इसका निर्माण इंजीनियर एडंगर व फर्ग्यूसन की देखरेख में पूर्ण हुआ। इसको 'मारवाड़ का अमृतसरोवर' कहा जाता है। यह बाँध जोधपुर व पाली का प्रमुख पेयजल स्रोत तथा जालौर व पाली जिले का प्रमुख सिंचाई स्रोत है।

❑ जवाई बाँध से सिंचित जिले हैं– [संगणक-19.12.2021]

(1) सिरोही और पाली (2) पाली और जालौर
(3) सिरोही और जालौर (4) पाली और बाड़मेर

Ans. (2) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सही सुमेलित नहीं हैं? [JEN (Electric) Diploma- 18.5.2022]

(1) पांचना - करौली (2) मेजा - भीलवाड़ा
(3) जवाई - जालौर (4) चाकन - बूँदी

Ans. (3) *व्याख्या - उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

Scanned with OKEN Scanner

❑ बाँसवाड़ा स्थित बजाज सागर बाँध किस नदी पर स्थित है ?[वनरक्षक-11.12.2022(S-II)][पटवार परीक्षा - 2011]
(1) माही (2) चम्बल (3) लूनी (4) मानसी
Ans. (1)

व्याख्या - यह बाँसवाड़ा में माही नदी पर स्थित राज्य का सबसे लम्बा (3109 मीटर) बाँध है।

❑ माही-बजाज सागर बाँध निम्न में से किस जिले में स्थित है? [कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रीशियन)- 24.03.2019]
(1) भीलवाड़ा (2) बाँसवाड़ा (3) कोटा (4) जालौर
Ans. (2) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ गढ़सीसर सरोवर कहाँ स्थित है? [जेल प्रहरी-2017]
[II Grade (Maths) 2011] [जेल प्रहरी 20-10-2018. S -I]
(1) माउण्ट आबू (2)उदयपुर (3) जैसलमेर (4) बीकानेर
Ans. (3)

व्याख्या - जैसलमेर का गढ़सीसर (गढ़ीसर) सरोवर प्रवासी कुरजां पक्षियों का आश्रय स्थल है। इसका निर्माण रावल गड़सीसिंह ने 1340 में करवाया था। इस सरोवर के मुख्य प्रवेश द्वार पर स्थित विशाल द्वार टीलां नामक वैश्या ने 1909 में निर्मित करवाया। इसके किनारे जैसलमेर लोक सांस्कृतिक संग्रहालय है।

❑ कौनसा एक सुमेलित नहीं है- [RAS -31.10.2015]
[Assistant Professor-22.9.2021]
(1) बन्ध बरेठा -भरतपुर (2) गलता - जयपुर
(3) तालाबशाही - धौलपुर (4) गढ़ीसर - जोधपुर
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ साँकड़ा बाँध किस जिले में स्थित है?[वनरक्षक- 2013]
(1) जोधपुर (2) टोंक (3) जयपुर (4) अलवर
Ans. (4)

व्याख्या - साँकड़ा एवं मनसासागर बाँध (तरूण भारत संघ के सहयोग से क्रमशः भांवता व गढ़बसई गाँव में निर्मित) अलवर जिले में स्थित है।

❑ बाँध-संबंधित जिलों में सुमेलित है?[वनरक्षक - 2013]

| | |
|---|---|
| (a) कानोता | i. सवाईमाधोपुर |
| (b) बंध बारेठा | ii. भरतपुर |
| (c) ईसरदा | iii. जयपुर |
| (d) काला खोह | iv. दौसा |

(1) a-iv. b-ii. c-iii. d-i (2) a- iii. b-ii. c-i. d- iv
(3) a-iv. b-i. c-ii. d-iii (4) a-ii. b-iii. c-i. d-iv
Ans. (2)

व्याख्या - • कानोता बाँध :जयपुर ग्रामीण के निकट स्थित राजस्थान का सर्वाधिक मछली उत्पादक बाँध।
• बंध बारेठा बाँध - भरतपुर का सबसे बड़ा बाँध इसका निर्माण कुकुन्द नदी पर 1897 में रामसिंह के समय करवाया गया। इस बाँध की बनावट 'एक जहाज' जैसी हैं।
• ईसरदा बाँध (काफर डेम) : बनेठा गाँव (उनियारा तहसील, टोंक) में टोंक-सवाईमाधोपुर की सीमा पर बनास नदी पर निर्मित।
• काला खोह बाँध दौसा जिले में स्थित है।

❑ बन्ध बारेठा और मोती झील अवस्थित है-
[Assistant Archivist-03.08.2024]
(1) दौसा (2) बूँदी (3) अलवर (4) भरतपुर
Ans. (4) व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

❑ छापी बाँध स्थित है- [महिला पर्यवेक्षक-20.12.2015]
(1) बारां (2) कोटा (3) झालावाड़ (4) टोंक
Ans. (3)

व्याख्या : भीमसागर, छापी, गागरीन, पीपलाद और चौली बाँध झालावाड़ जिले में स्थित है।

❑ जैत सागर तालाब कहाँ स्थित हैं?[वनपाल-06.11.2022(I)]
[JEN (यांत्रिकी)डिग्री-13.12.20][क.अनुदेशक(फिटर)-23.3.19]
(1) उदयपुर (2) बूँदी (3) अजमेर (4) माउंट आबू
Ans. (2)

व्याख्या- जैत सागर, नवलसागर, जिगजैग बाँध (लाखेरी), हिण्डोली तालाब बूँदी में स्थित है।

❑ कौनसा बाँध कोट बाँध भी कहलाता हैं-
[राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल-08.11.2020 (II)]
(1) मोरल (2) घोसुंडा (3) खांडिप (4) सरजू सागर
Ans. (4)

व्याख्या - सरजू सागर बाँध जिसे कोट बाँध के नाम से भी जाना जाता है, शाकंभरी पहाड़ियों के पार एक बाँध है। यह झुंझुनूं में उदयपुरवाटी शहर से 13 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। उल्लेखनीय है कि कोटड़ी बाँध (कांटली नदी पर) खण्डेला (सीकर) में निर्माणाधीन है।

❑ नौनेरा (नवनेरा) बाँध का निर्माण कार्य किस नदी पर चल रहा है- [वनरक्षक-11.12.2022(S-I)]
(1) चम्बल (2) माही (3) कालीसिंध (4) बनास
Ans. (3)

व्याख्या - कोटा जिले की दीगोद तहसील के अब्रा गाँव में कालीसिन्ध नदी पर स्थित है।

Scanned with OKEN Scanner

❑ भीम सागर स्थित है–[JEN (Civil) Diploma-06.12.2020]
(1) श्री गंगानगर (2) अलवर (3) कोटा (4) झालावाड़
Ans. (4)

*व्याख्या -झालावाड़ में हरिशचन्द्र सागर (कालीसिंध नदी पर 33 गेटों वाला बाँध), भीमसागर, छापी, गागरीन, पीपलाद, चौली बाँध स्थित है। ज्ञातव्य है कि चित्तौड़गढ़ स्थित मातृकुण्डिया बाँध राजस्थान में सर्वाधिक गेटों (52) वाला बाँध है।*

❑ एशिया में चिनाई वाला सबसे ऊँचा बाँध है– [वनरक्षक- 2013]
(1) रामगढ़ (2) मेजा (3) जाखम (4) जवाई
Ans. (3)

*व्याख्या - प्रतापगढ़ में अनूपपुरा गाँव के पास स्थित यह राज्य का सबसे ऊँचा (81 मीटर) बाँध है।*

❑ जाखम बाँध राजस्थान के किस जिले में स्थित है– [पशुधन सहायक 04.6.2022]
(1) राजसमंद (2) झुन्झुनूँ (3) प्रतापगढ़ (4) दौसा
Ans. (3) *व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।*

❑ सुमेलित कीजिए : [P.S.I. Exam, 2011]

| | |
|---|---|
| A. शाही कुण्ड | 1. झुन्झूनुँ |
| B. गैप सागर | 2. करौली |
| C. रामेलाव तालाब | 3. डूंगरपुर |
| D. पन्नाशाह तालाब | 4. सोजत |
| | 5. अलवर |

| कूट: | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 3 | 4 | 1 | (2) | 2 | 1 | 5 | 3 |
| (3) | 1 | 2 | 5 | 4 | (4) | 1 | 3 | 4 | 5 |

Ans. (1)

*व्याख्या -पन्नाशाह तालाब झुन्झुनूँ के खेतड़ी, रामेलाव तालाब सोजत (पाली), गैपसागर डूँगरपुर एवं शाही कुण्ड करौली में स्थित है।*

❑ पन्ना मीना कुण्ड स्थित है–[वनरक्षक-12.12.2022(S-I)]
(1) उदयपुर (2) नाथद्वारा (3) जयपुर (4) जैसलमेर
Ans. (3)

❑ सही सुमेलित नहीं है? [VDO Mains -09.07.2022]
(1) घोसुण्डा बाँध-चित्तौड़गढ़ (2) हिंगोनिया बाँध-जयपुर
(3) मोरा सागर बाँध-टोंक (4) पाँचना बाँध-करौली
Ans. (3) ***मोरा सागर बाँध - सवाई माधोपुर***

❑ नारायण सागर बाँध स्थित है ? [वनरक्षक- 2013]
(1) सीकर (2) अजमेर (3) कोटा (4) उदयपुर
Ans. (2)

***व्याख्या - नारायण सागर बाँध*** *- यह बाँध खारी नदी पर है इसे 'अजमेर जिले का समुद्र' कहते है।*

❑ बाँध व जिलों को सुमेलित कीजिए-[LDC 23.10.16]

| | |
|---|---|
| (a) गागरीन | (1) बून्दी |
| (b) गरदड़ा | (2) सिरोही |
| (c) मोरा सागर | (3) सवाई माधोपुर |
| (d) ओराटैंक | (4) झालावाड़ |

| कूट | a | b | c | d | कूट | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 | (2) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (2) | 3 | 1 | 4 | 1 | (4) | 4 | 1 | 3 | 2 |

Ans. (4)

❑ सुमेलित कीजिए - [VDO-27.12.2021 (S-II)]

| | |
|---|---|
| (a) तालाब-ए-शाही | (1) पाली |
| (b) गैब सागर | (2) बांसवाड़ा |
| (c) कडाणा | (3) धौलपुर |
| (d) हेमावास | (4) डूंगरपुर |

| कूट | a | b | c | d | कूट | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 4 | 2 | 1 | (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 2 | 3 | 1 | 4 | (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |

Ans. (1)

❑ अमर सागर बाँध स्थित है? [III Grade (Sans.) -27.2.2023]
(1) जोधपुर (2) जैसलमेर (3) जयपुर (4) उदयपुर
Ans. (2)

❑ मदार बाँध ....नदी पर बनाया गया था। [III Grade (Maths-Science) -25.02.2023]
(1) साबरमती (2) बेड़च (3) सोम (4) माही
Ans. (2)

***क्या आप जानते हैं?***

- *राजस्थान की जीवन रेखा - इंदिरा गाँधी नहर*
- *राजसमंद की जीवन रेखा - नदसमन्द बाँध*
- *भरतपुर की जीवन रेखा - मोती झील*
- *जयपुर की जीवन रेखा - द्रव्यवती नदी*
- *गंगानगर की जीवन रेखा - गंगनहर*
- *जोधपुर की जीवन रेखा - राजीव गाँधी लिफ्ट नहर*
- *बीकानेर की जीवन रेखा - लूणकरणसर लिफ्ट नहर*
- *ब्यावर की जीवन रेखा - नारायण सागर बाँध*

Scanned with OKEN Scanner